हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 8 जुलाई 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

4 भारी बारिश से जलमग्न हुआ शहर, डूबे इलाके



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

### बेहतर इलाज के लिए भटकते हैं जरूरतमंद, शासन-प्रशासन से पहल की मांग

# वनांचल के अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, मरीज हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत वनांचल क्षेत्रों में संचालित सरकारी अस्पतालों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। शासन द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से अस्पताल भवनों का निर्माण तो करवा दिया गया है, लेकिन इनमें आवश्यक डॉक्टरों और संसाधनों की घोर कमी है। इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है।

भरतपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले कई दूरस्थ गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र केवल भवनों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। डॉक्टरों की पदस्थापना नहीं होने से मरीजों को इलाज के लिए कई किलोमीटर दूर जिला अस्पतालों या नगरीय क्षेत्रों का रुख करना पड़ता है। स्थिति इतनी गंभीर है कि कई बार समय पर इलाज न मिलने से मरीजों की जान पर भी बन आती है। डॉक्टरों के अलावा नर्स, लैब टेक्नीशियन, दवाइयां और एंबुलेंस जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। विकासखंड मुख्यालय जनकपुर में स्थित इकलौते सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की हालात भी अच्छी नहीं है। यहां भी विशेषज्ञ चिकित्स्कों के साथ ही आधा दर्जन चिकित्सकों के पद रिक्त होने से क्षेत्र के लोगों को उपचार के लिए मध्यप्रदेश के शहडोल जिला अस्पताल तक 100 किमी का सफर करना पड़ता है। दोनों ही हालात में क्षेत्र के लोगों को आर्थिक व मानसिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

वहीं अंचल में 5 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहरासी, माड़ीसरई, कोटाडोल, भरतपुर, कुंवारपुर आधा-अधूरे स्टाप से ही संचालित हो रहा है। वहीं अंचल में 37 उप स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन स्टाप के नहीं रहने से इनमें से अधिकांश उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद रहते हैं। अंचल के स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के नहीं होने से रोजाना सैकड़ो मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं ,लेकिन उन्हें लाभ नहीं मिल पाता है। अंचल में सबसे ज्यादा परेशानी तब बनती है जब कोई दुर्घटना पीड़ति, किसी गंभीर बीमारी से पीड़ति या फिर जहर खाने, आग से जलने आदि कारणों से यहां पहुंचता है और उन्हें समुचित इलाज नहीं मिल पाता है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनकपुर।

#### उप स्वास्थ्य केन्द्रों का हाल बेहाल

अंचल के चिन्हित बड़ी गांव में इस उद्धेश्य से उप स्थास्थ्य केन्द्र बनाए गए थे, ताकि स्थानीय व आसपास के छोटे गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही चिकित्सकीय परामर्श के साथ ही उपलब्ध सुविधाओं का लाभ मिल सके। शासन द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों के उपचार, दवा कक्ष से लेकर अन्य प्रारंभिक सेवाओं को ध्यान में रखकर भवन तो बनाया गया है, इसी भवन में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के निवास की भी सुविधा है, लेकिन चिकित्सक एवं स्टाप की कमी के कारण लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता है।

#### डॉक्टरों के शीघ्र पदस्थापना की मांग

ग्रामीणों ने शासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि इन क्षेत्रों में तत्काल डॉक्टरों की पदस्थापना की जाए, स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर की जाएं और जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि वनांचल के लोगों को भी समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिल सके। उल्लेखनीय है कि वनांचल के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी और आवश्यक संसाधन की उपलब्धता नहीं रहने से अंचल के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रहा है। अंचल के दूरस्थ गांव की स्थिति और भी भयावह है, यहां के जरूरतमंद मरीजों को समय पर बेहतर उपचार नहीं मिल पाता है। आलम यह है कि ग्रामीण अंचल के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर के साथ ही अन्य स्टाप की कमी रहने से ग्रामीण मरीज मजबूरीवश झोलाछाप डाक्टरों के चंगुल में फंस जाते हैं।

#### चिकित्सकों की है कमी

भरतपुर ब्लाक में डेढ़ दर्जन से ज्यादा चिकित्सकों की कमी है।

-डॉ. आरके रमन, बीएमओ जनकपुर


जल निकासी के कार्य में जुटे कर्मी।

## जलभराव की स्थिति पर नपा गंभीरता से करे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लगातार हो रही बारिश के कारण कोरिया जिले के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी स्वयं जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही हैं और अधिकारियों को त्वरित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दे रही हैं।

शिवपुर-चरचा नगर पालिक परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 3, 5 एवं 9 में नालियों की सफाई कराई गई है। विशेष रूप से वार्ड 3 में नाली जाम होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही थी, जिसे सफाई कर्मियों द्वारा हटाए जाने के बाद जल निकासी प्रारंभ हो गई है। बैकुंठपुर क्षेत्र में प्रतीक्षा बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स में छत, गैलरी और सीढ़ियों पर रखे गए कबाड़ के कारण कई दुकानों में पानी टपकने और विद्युत उपकरणों के खराब होने की शिकायतें मिल रही थीं। नगर पालिका द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सारा कबाड़ हटा दिया गया है। नगर पंचायत पटना क्षेत्र में कन्या छात्रावास में जलभराव की स्थिति बनी थी, जिसे तत्काल प्रभाव से साफ कराकर पानी निकासी की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी नगरीय निकायों एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया है कि जलभराव की सूचना मिलते ही तत्काल पूरे अमले के साथ मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान किया जाए। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि नालियों में कचरा न फेंके, जिससे जल निकासी में बाधा उत्पन्न न हो।

### खबर संक्षेप

#### बैंक शाखा का स्वास्थ्य मंत्री ने किया शुभारंभ



**मनेन्द्रगढ़।** बैंक ऑफ महाराष्ट की मनेन्द्रगढ़ शाखा का आज एनएच 43, नदीपार स्थित परिसर में भव्य शुभारंभ किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे, जिन्होंने विधिवत फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलन कर शाखा का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, अंचल प्रबंधक वी. वेंकटेश एवं शाखा प्रबंधक राजेश राणा मंचासीन रहे।

#### प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिग कल

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के द्वारा दिए गए निर्देश के अंतर्गत जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज कौशल विकास योजना के तहत 32 राजमिस्त्री के हितग्राहियों एवं 17 असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के हितग्राहियों में कुल 49 हितग्राहियों के प्रशिक्षण के लिए अभ्यार्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिसका प्रशिक्षण के लिए पूर्व में काउसिंलिग किया जाना है। काउसिंलिग 9 जुलाई को जनपद पंचायत सोनहत के सभा कक्ष में समय प्रातः 11 बजे सचिव/रोजगार सहायकों के माध्यम से आवेदकों को काउसिंलिग में उपस्थित कराने का आग्रह किया है।

#### पीजी कॉलेज के प्राचार्य बने हिमधर

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय रामानुज प्रतापसिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर के नए प्राचार्य के रूप में सोमवार को एमसी हिमधर ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के पश्चात हरिभूमि से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कॉलेज को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक रूप से नई ऊचाइयों पर ले जाना उनकी प्राथमिकता रहेगी, इसके लिए सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का सहयोग आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ महाविद्यालय में अनुशासन, समयबद्धता और कार्यकुशलता सुनिश्चित की जाएगी। कॉलेज परिवार ने श्री हिमधर के प्राचार्य बनने पर हर्ष जताया और उनके नेतृत्व में संस्थान को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। विदित हो कि रोसेयो जिला संगठक श्री हिमधर शिक्षण क्षेत्र में एक अनुभवी और सक्रिय प्राध्यापक रहे हैं।



#### साप्ताहिक बाजार में खड़ी बाइक चोरी

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के पोड़ी बचरा चौकी अंतर्गत ग्राम जिल्दा निवासी दीपक पिता छेदीलाल उम्र लगभग 28 वर्ष की मोटरसायकल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक अपने स्वामित्व की हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 16 सीपी 1054 से साप्ताहिक बाजार करने ग्राम पोड़ी (बचरा) आया था। उन्होंने अपनी बाइक को ग्रामवासी निरंजन सिंह के घर के पास खड़ा कर बाजार चला गया। शाम करीब 5 बजे लौटने पर उन्होंने देखा कि उनकी बाइक मौके से गायब थी। बाइक का लॉक पहले से खराब था और लॉक नहीं किया गया था। आसपास क्षेत्र में काफी तलाश के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। चोरी गई बाइक की कीमत लगभग 40 हजार रुपए ऑकी गई है। इस संबंध में पीड़ति द्वारा चौकी पोड़ी बचरा में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी है। मामले में बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत कार्रवाई की गई है।

## अब नर्सिंग एडमिशन पूछताछ होगी स्मार्ट

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग ने छग में शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में एक नई शुरूआत की है।

न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर राज्य का पहला कॉलेज बन गया है, जहां नर्सिंग कार्स के एडमिशन संबंधित पूछताछ के लिए एक एआई को तैनात किया गया है। इस एआइ एसिस्टेंट को लीप्लसएल द्वारा विकसित किया गया है, जो अब कॉलेज के अधिकारिक फोन नंबर 08068890538 पर 24 घंटे उपलब्ध है। छात्र अब एक कॉल पर कोर्स, फीस, योग्यता, आवेदन तिथि एवं अन्य सभी जानकारी हिन्दी एवं अंग्रेजी में तुरंत प्राप्त कर सकते हैं।



नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन के द्वारा अवगत कराया गया। यह एआई एसिस्टेंट हमारी एडमिशन टीम का बोझ कम करने के साथ-साथ छात्रों को सही और समय पर जानकारी देने का एक आधुनिक माध्यम बन चुका है। खासकर ग्रामीण छात्रों के लिए यह एक वरदान साबित हो रहे हैं। इस असिस्टेंट ने तैनाती के पहले ही सप्ताह में 500 से अधिक कॉल्स की संभाला है, जिससे एडमिशन प्रक्रिया पहले से कहीं अधिक प्रभावी और समावेशी बनी है।

#### ये हैं मुख्य विशेषताएं

चैबीसो घंटे कार्यरत वॉयस असिस्टेंट, कोर्स, फीस, योग्यता, आवेदन तिथि आदि पर त्वरित जानकारी, हिन्दी और अंग्रेजी में संवाद करने में सक्षम। हमारा उद्देश्य है कि हर छात्र तक बिना किसी डिजिटल बाधा के जानकारी पहुंचे लिए प्लस आल के प्रतिनिधि ने कहा। इस एआई तैनाती के जरिए हम ग्रामीण भारत में भी उच्च शिक्षा को और अधिक सुलभ बना रहे हैं।

#### जून से अगस्त का राशन उठाव 31 तक

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चावल वितरण की समयावधि में महत्वपूर्ण विस्तार किया गया है। मंत्रालय के पत्र के अनुसार अब जिले के सभी राशनकार्डधारी परिवारों को माह जून से अगस्त तक का चावल 31 जुलाई तक एकमुश्त उठाने की सुविधा दी गई है। यह निर्णय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छग खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभान्वित परिवारों के लिए राहतकारी कदम है। वहीं एमसीबी जिला खाद्य अधिकारी द्वारा जिले के समस्त उचित मूल्य दुकानों को निर्देशित किया गया है कि वे इस जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे।

## जनकपुर-कोटाडोल सड़क 13 वर्षों से अधर में

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के अंतर्गत जनकपुर और आसपास के क्षेत्रों में अधूरे विकास कार्यों, लंबित मुआवजा वितरण और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर किसानों में तीव्र आक्रोश देखा जा रहा है।

प्रशासनिक उदासीनता और विभागीय समन्वयहीनता का जीता-जागता उदाहरण जनकपुर-कोटाडोल मार्ग और विश्व बैंक सहायता प्राप्त जनकपुर बायपास, चांगमाता मंदिर मार्ग एवं माथमौर से भैंसूंन मार्ग है। साल 2011 में शुरू हुआ जनकपुर-कोटाडोल मार्ग निर्माण आज तक अधूरा है। नियमों के अनुसार सड़क निर्माण से पूर्व भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण अनिवार्य होता है, लेकिन सात गांव के 313 किसानों की भूमि का करीब 3 करोड़ रूपए का मुआवजा आज तक लंबित है। कई बार पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधियों द्वारा किसानों को आश्वासन दिया गया, लेकिन जमीन अधिग्रहित होने के बावजूद उन्हें आज तक उनका हक नहीं मिल पाया। वहीं जनकपुर बायपास, चांगमाता मंदिर मार्ग और माथमौर-भैंसूंन मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा विश्व बैंक के ऋण से किया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण के मुआवजे की राशि शासन द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारी के खाते में अंतरण कर दी गई है, लेकिन वितरण न होने के कारण कार्य अधूरा छोड़ना पड़ा। इस लापरवाही से नाराज किसानों ने चांगमाता मंदिर मार्ग का निर्माण कार्य रोक दिया, जिससे धार्मिक और स्थानीय आवागमन भी प्रभावित हुआ है।



## एक दिन में जुटाए 844 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक

**मनेन्द्रगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है।

- छात्र-छात्राओं की अनोखी पहल

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग के सहयोग से जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। इसमें जिलेभर के लगभग 15000 छात्र-छात्राओं ने घर-घर से निकलने वाले एकल उपयोगी प्लास्टिक के एकत्रीकरण के लिए व्यापक स्तर पर भागीदारी की। इस अभिनव पहल में न केवल छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह के साथ आगे आए बल्कि उनके अभिभावकों ने भी बच्चों का भरपूर सहयोग कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। बच्चों ने अपने घरों से अनुपयोगी प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथीन की थैलियां एवं अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रित कर उन्हें विद्यालय लाया जहां प्लास्टिक संग्रहण के पश्चात विद्यालय स्तर पर स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी में शिक्षकों ने बच्चों को प्लास्टिक के दुष्परिणामों से अवगत कराया। छात्रों की इस पहल ने प्रदेश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, क्योंकि पहली बार ऐसा हुआ जब एक ही दिन में लगभग 15000 बच्चों ने 844 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित कर स्वच्छाग्राहियों को सौंपा और आमजन से प्लास्टिक के प्रभावी प्रबंधन एवं इसके उपयोग को त्यागने की अपील की।



#### प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 तक

**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर विकासखंड स्थित विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) आवासीय विद्यालय नौढ़िया में कक्षा 1, 7 वीं, 8 वीं और 9 वीं में रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय में बालक-बालिका वर्ग में कक्षा 1 के लिए 2 बालक और बालिका के लिए 3 सीट रिक्त हैं, वहीं 7 वीं कक्षा के लिए बालक 1 और बालिका सीट शून्य है। 8 वीं के लिए बालक सीट शून्य है और बालिका के लिए 2 सीट रिक्त है और कक्षा 9 वीं के लिए बालक सीट 4 है और बालिकाओं के 2 सीटें रिक्त हैं। जिसमें कुल टोटल 6 सीट रिक्त है। तथा इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर 12 जुलाई तक कार्यालय मंडल संयोजक, भरतपुर में जमा कर सकते हैं।



## दलहन-तिलहन की खेती पर किसान दें जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

खरीफ 2025 सीजन के लिए जिले में किसानों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। उप संचालक कृषि राजेश भारती ने जानकारी दी कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में बीज एवं उर्वरक के भंडारण एवं वितरण की प्रक्रिया को तेजी से अंजाम दिया गया है।

प्राप्त विभागीय ऑकड़ों के अनुसार जिले में अब तक 5451.98 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है। इसमें से 4135.90 क्विंटल बीज किसानों को वितरित किया गया है। यह कुल भंडारण का लगभग 76 प्रतिशत है। वितरण कार्य को पारदर्शी बनाने के लिए सहकारी समितियों और विभागीय अमले के माध्यम से बीज उठाव की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार, रासायनिक उर्वरकों में 9665 मीट्रिक टन का भंडारण किया गया है, जिसमें से 7730 मीट्रिक टन (लगभग 80 प्रतिशत) किसानों तक पहुंच चुका है। उर्वरकों में यूरिया, डीएपी, एनपीके (12:32:16), एसएसपी जैसे विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डीएपी की कमी को देखते हुए एनपीके के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा इसके लाभों की जानकारी दी जा रही है।

#### दलहन-तिलहन का क्षेत्र होगा और विस्तृत

कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025 के लिए दलहन 9850 हेक्टेयर और तिलहन 2350 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले क्रमशः 656 हेक्टेयर एवं 476 हेक्टेयर अधिक है। जिले में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल एंड ऑयलसीड्स एवं अन्य योजनाओं के तहत किसानों को जागरूक किया जा रहा है। अब तक 445.28 क्विंटल दलहन-तिलहन बीज (जैसे उड़द, मूंग, अरहर, मूंगफली) का भंडारण किया गया है, जिनमें से 369 क्विंटल बीजों का वितरण हो चुका है।

#### गुणवत्ता पर विशेष ध्यान

बीज एवं उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने और गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा सख्त निगरानी की जा रही है। हाल ही में सहकारी एवं निजी दुकानों में छापेमारी कर 45 बीज और 16 उर्वरक नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

### एक पेड़ मां के नाम चला घुघरा में पौधरोपण अभियान

# पौधरोपण कर सुरक्षा की सामूहिक जिम्मेदारी लें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया तथा वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम थीम पर आधारित वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल एवं राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के आह्वान पर किया गया। इस गरिमामयी आयोजन में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जबकि पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, वनमंडलाधिकारी चंद्रशेखर शंकर सिंह परदेसी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने स्काउट-गाइड्स एवं जनता को पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं देखभाल की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने बाल विवाह, प्रेम-प्रसंग के नाम पर मानव तस्करी और महिलाओं के लैंगिक शोषण जैसे गंभीर विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए स्काउट्स-गाइड्स से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने उपस्थित जनसमुदाय को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा तथा पास्को एक्ट जैसे सामाजिक विषयों पर जागरूक किया। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय घुघरा के प्रांगण में हुआ, जिसकी अगुवाई जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी तथा पदेन जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने की। कार्यक्रम के आरंभ में श्री तिवारी ने स्वागत भाषण देते हुए पौधरोपण के महत्व को रेखांकित किया। पौधरोपण में जुटे स्काउट्स, गाइड्स और अधिकारी इस अवसर पर लगभग 200 पौधों, इनमें फलदार, औषधीय एवं छायादार वृक्ष शामिल थे जिनका रोपण किया गया। पौधरोपण में स्काउट्स एवं गाइड्स के साथ-साथ वन विभाग के कर्मचारियों, स्कूल स्टाफ एवं अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों, ⏭शेष पेज 4 पर



कार्यक्रम को संबोधित करती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।


पौधरोपण अभियान में शामिल लोग।



## तन्वी द ग्रेट को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में मिला स्टैंडिंग ओवेशन

**मुंबई।** अनुपम खेर अपनी अपकमिंग फिल्म तन्वी द ग्रेट की रिलीज को लेकर तैयार हैं। इससे पहले इस फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं। इस फिल्म की पुणे के 'राष्ट्रीय रक्षा अकादमी' में स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। फिल्म को 25,00 कैडेट्स और अधिकारियों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया। यह देखकर अनुपम खेर भावुक हो गए। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा 'ये मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में तन्वी द ग्रेट को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। एक अभिनेता/ कलाकार के रूप में मेरे 40 साल के करियर में यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है! भारत में यह तन्वी द ग्रेट की पहली स्क्रीनिंग है।

लाइफ Style

# जरीन

## किसी सपने के सच होने जैसा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने पुराने पलों को याद करते हुए काफी इमोशनल हो गई हैं। हाल ही में उन्होंने एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया जिसमें वो कैटरीना कैफ से ऑटोग्राफ लेते हुए नजर आ रही हैं।

ये वीडियो फिल्म 'रेस' की प्रीमियर नाइट का है, जब जरीन इंडस्ट्री का हिस्सा भी नहीं थीं। वीडियो के साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है जिसने उनके फैंस को भी इमोशनल कर दिया। वीडियो में जरीन को कैटरीना कैफ से मिलते हुए देखा जा सकता है। वो बेहद खुश नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर एक मासूम सी मुस्कान है। पोस्ट में जरीन ने लिखा कि वो उस वक्त बस एक आम लड़की थीं, जो बॉलीवुड की चमक-दमक से प्रभावित थीं और उन्हें ये भी नहीं पता था कि एक दिन वह खुद भी इसी इंडस्ट्री का हिस्सा बनेंगी। उन्होंने लिखा कि उस समय उनके एक दोस्त की बदौलत उन्हें प्रीमियर में जाने का मौका मिला और वही लम्हा आज भी उनके दिल में बसा हुआ है। जरीन ने लिखा कि उस वक्त वो कैटरीना कैफ की दीवानी थीं और उन्हें देखकर उनकी आंखों में एक अलग ही चमक थी। उन्होंने कहा कि उन्हें आज भी वो पल याद है जब उन्होंने पहली बार कैटरीना को सामने से देखा था – वो पल उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। ज़रीन ने अपने पोस्ट में यह भी माना कि उस समय कैटरीना को देखकर उन्हें खुद में आत्मविश्वास आया और एक सपना जन्मा।



हॉलीवुड मसाला



## रिचर्ड ने दलाई लामा का हाथ चूमा

**मुंबई।** इन दिनों दलाई लामा का 90वां जन्मदिन समारोह धर्मशाला में चल रहा है। इस मौके पर अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े नामी लोग समारोह में शामिल हो रहे हैं। हॉलीवुड एक्टर रिचर्ड गेरे भी इस खास आयोजन में शामिल हुए। वीडियो में रिचर्ड गेरे दलाई लामा को देखकर खुश और भावुक नजर आए। वह दलाई लामा के करीब जाते हैं और उनका हाथ थामकर चूमते हैं। दलाई लामा भी रिचर्ड को आशीर्वाद देते हैं। थोड़ी देर दोनों बातचीत करते हैं।




## जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ को मिला वीकएंड का फायदा

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' ने भारत में अच्छी शुरुआत की है। ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने नौ करोड़ रुपए का कारोबार किया था। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा हुआ। फिल्म ने शनिवार को 13 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। फिल्म ने अब तक 22.01 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म है। चार जुलाई को रिलीज हुई यह फिल्म आपको डायनासोर की दुनिया की सैर कराती है। वहीं, हॉलीवुड की फिल्म 'एफ 1' भारत के बॉक्स ऑफिस पर पकड़ बनाए हुए है। 27 जून को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 5.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।



## विदेश में भी दिखीं फैंस की दीवानगी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना के भारतीय फैंस उन्हें नेशनल क्रश मानते हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक की चर्चित फिल्मों में काम कर चुकीं रश्मिका हाल ही में पेरिस में नजर आईं। एक्ट्रेस का पेरिस ट्रिप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें फैंस रश्मिका को लेकर अपनी दीवानगी दिखा रहे हैं। सोशल मीडिया पर रश्मिका का जो वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें रश्मिका के कुछ फैंस उनकी फोटो ले रहे हैं। एक्ट्रेस के नाम का ले रहे हैं। कई फैंस- 'लव यू रश्मिका' भी कहते थे। इस प्यार को देखकर रश्मिका का चेहरा भी खिल उठा। वायरल वीडियो में फैंस की दीवानगी देखकर रश्मिका ने भी उन पर प्यार लुटाया। हाथों से हार्ट साइन बनाया। वह फैंस से मिले प्यार, अपनेपन के लिए शुक्रिया कहती भी दिखीं।



## रणबीर सिंह के लुक के दीवाने हुए फैंस

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर का टीजर धमाका कर रहा है। एक्टर को इस लुक और अंदाज में देख कर फैंस पसंद कर रहे हैं। फिल्म में रणवीर को काला कुर्ता पहने हुए गुंडों की पिटाई करते हुए देखा जा रहा है। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को असली कहानी से इंस्पायर्ड बताया गया है। धुरंधर में संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल जैसे और भी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस फिल्म की पहली झलक को शानदार रिएक्शन मिल रहा है। रणवीर सिंह ने धुरंधर का टीजर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। एक्टर के बर्थडे पर आया ये टीजर फैंस के साथ इंडस्ट्री के लोगों के लिए ट्रीट है। मौनी रॉय, अपारशक्ति खुराना, आयुष्मान खुराना, रणवीर इलाहाबादिया समेत कई सेलेब्रिटीज ने रिएक्शन दिया है।

टीवी मसाला



## डांस कॉम्पिटिशन में अनुपमा का साथ देने को तैयार हुईं चॉल की महिलाएं...

**नई दिल्ली।** रुपाली गांगुली अभिनीत सीरियल 'अनुपमा'में मौजूदा ट्रैक कई तरह के उतार-चढ़ावों से भरा है। सीरियल की लीड कैरेक्टर अनुपमा एक डांस कॉम्पिटिशन जीतना चाहती है। इसके लिए उसने मुंबई की चॉल में रहने वाली महिलाओं को भी राजी कर लिया। मगर, डांस कॉम्पिटिशन की प्रैक्टिस के दौरान अनुपमा के सामने एक बड़ी समस्या आकर खड़ी हो गई। स्टारप्लस के इंस्टाग्राम पेज पर सीरियल 'अनुपमा' का एक प्रोमो साझा किया गया है। इस प्रोमो में अनुपमा का साथ देने के लिए चॉल की महिला राजी हो जाती हैं। मगर जब वह डांस प्रैक्टिस करती हैं, तो उन्हें यह काम मुश्किल लगता है। एक महिला कहती है, 'शायद उनसे डांस नहीं हो पाएगा?' इस पर अनुपमा सबका हौसला बढ़ाती है, सब्र से काम लेने को कहती है। आगे प्रोमो में अनुपमा एक महिला के बारे में पूछती है कि वह क्यों डांस कॉम्पिटिशन में नहीं आई? इस पर अन्य चॉल की महिलाएं बताती हैं कि उस महिला की सास बहुत कठोर है, उसको सताती है। साथ ही उसका पति से उसे परेशान करता है। ऐसे में अनुपमा उस परेशान महिला के घर उससे मिलने जाती है। जब अनुपमा उस महिला के घर पहुंचती है तो देखती है कि उसके हाथ में चोट के निशान हैं। इस पर अनुपमा उसे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कहती है।

### कपिल ने घटाया वजन, लोगों को नहीं आया पसंद

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा इन दिनों काफी बदले-बदले से नजर आ रहे हैं। इस कॉमेडियन ने अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दिया है। काफी वजन भी कपिल शर्मा कम कर चुके हैं। मग,र सोशल मीडिया यूजर्स को कपिल का बदला हुआ लुक पसंद नहीं आया है। कपिल के कम हुए वजन पर कई यूजर्स तंज कस रहे हैं। कपिल को वेट लॉस के लिए ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में कपिल शर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वह काफी पतले नजर आए। इसी वीडियो को देखकर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर लिखता है, 'ये तो बीमार लग रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'ओजेम्पिक का कमाल है (वजन कम करने वाली दवा)।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'भाई तो कमजोर हो गया है।'इसी तरह के कमेंट कपिल के वेट लॉस को लेकर यूजर्स ने किए हैं। कपिल शर्मा ने काफी मेहनत से अपना वजन कम किया है। वह लगभग 10 किलो वजन घटा चुके हैं। अपने इंस्टाग्राम पेज पर अक्सर ही कपिल, रनिंग की वीडियो शेयर करते थे।



## शापित कहलाती थी ये हॉरर फिल्म! ट्रेलर था सिनेमाघरों में बैन

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्में महज तीन घंटे का एंटरटेनमेंट नहीं होता। कई बार फिल्म का खौफ दर्शकों के थ्रिल चढ़ कर बोलने लगता है। कई हॉरर फिल्मों से जुड़े ऐसे किस्से हैं जिसमें दर्शक कई दिनों तक डरे और सहमे रहे. कुछ को थेरेपी तक की जरूरत पड़ गई। ऐसी ही एक फिल्म है जिसे शापित मूवी तक कह दिया गया था। ऐसी ही हॉरर फिल्मों की बात करें तो द एग्जोरसिस्ट का नाम सबसे पहले लिया जाता है। 1973 में रिलीज हुई इस फिल्म को अब भी सबसे डरावनी फिल्मों में गिना जाता है। लेकिन, इस फिल्म की डरावनी कहानी के साथ ही इसके पीछे भी कई खौफनाक किस्से जुड़े हुए हैं।



***डरावना था ट्रेलर*** : इस फिल्म का ओरिजिनल टीजर ट्रेलर भी किसी फिल्म से कम डरावना नहीं था। ट्रेलर में सिर्फ एक सफेद चेहरे वाला भूत अंधेरे में झलकता था। ट्रेलर में कोई कहानी नहीं दिखाई गई, बस अंधेरे और भूत की झलक भर दिखाई गई थी, जो लोगों के रोंगटे खड़े कर देती थी। यही वजह थी कि कई सिनेमाघरों ने इस ट्रेलर को बहुत ज्यादा डरावना मानते हुए बैन कर दिया था।

***एक्ट्रेस को मिली थीं जान से मारने की धमकियां*** : इस फिल्म में लिंडा ब्लेयर ने मुख्य किरदार निभाया था। लेकिन, फिल्म के रिलीज होने के बाद उनके लिए मुश्किलें बढ़ गईं। धार्मिक कट्टरपंथियों ने फिल्म पर शैतान की महिमा गान करने का आरोप लगाया और लिंडा ब्लेयर को जान से मारने की धमकियां मिलने लगीं। हालात इतने बिगड़ गए कि वार्नर ब्रदर्स को लिंडा के लिए छह महीने तक बॉडीगार्ड्स रखने पड़े।

### *इस वजह से भी 'शापित' कहलाती है ये फिल्म*

*फिल्म के साथ एक और डरावनी कहानी जुड़ी है। फिल्म में एक छोटे से सीन में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन का किरदार निभाने वाले पॉल बेटसन को फिल्म रिलीज के 6 साल बाद हत्या के मामले में दोषी पाया गया। उसने एक फिल्म रिपोर्टर की हत्या कर दी थी। इसके बाद फिल्म को लेकर अफवाहें और तेज हो गईं कि द एग्जोरसिस्ट एक शापित फिल्म है। कई ऐसे किस्से भी सामने आए कि फिल्म से जुड़े लोग अजीब हादसों का शिकार हुए, जिससे इसकी शापित फिल्म वाली छवि और गहरी होती गई।*

## दो बीघा जमीन को मिला था पहला फिल्मफेयर अवार्ड, 1953 में हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** आज हम आपको उस फिल्म के बारे में बता रहे हैं जिसने पहला फिल्मफेयर अवार्ड जीता। ये फिल्म साल 1953 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का नाम है दो बीघा जमीन। दो बीघा जमीन को बिमल रॉय ने डायरेक्ट किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। आईएमडीबी के मुताबिक, इस फिल्म का बजट करीब 2 लाख था। वहीं, इस फिल्म ने 70 लाख की कमाई की थी। इस फिल्म में बलराज सहानी, निरुपा रॉय, रतन कुमार, जगदीप, मीना कुमारी और रामायण तिवारी जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म को सलिल चौधरी, पॉल महिंद्रा और ऋषिकेश मुखर्जी ने लिखा था। इस फिल्म को बेस्ट फिल्म का पहला फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में इंटरनेशनल प्राइज भी जीता था। फिल्म के लिए बिमल रॉय को बेस्ट डारेक्टर का फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। बिमल रॉय को नेशनल अवार्ड भी मिला था। दो बीघा जमीन की आईएमडीबी रेटिंग की बात करें तो इसकी रेटिंग 8.3 है। इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर देख सकते हैं।



### बॉलीवुड में ऐसी धारणा है कि बिना मेल लीड एक्टर्स के नहीं चलती हैं फिल्में

## बिना हीरो के हिट हो गईं थीं ये 7 हिंदी फिल्में, कभी कहानी तो कभी एक्ट्रेस ने जीता दिल

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड में ऐसी धारणा है कि बिना मेल लीड एक्टर्स के फिल्में नहीं चलती हैं। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी रही है जिन्होंने इस धारणा को तोड़ा है और बिना किसी लीड हीरो के फिल्म सुपरहिट रही है।*



**क्वीन** : कंगना रनौत की यह फिल्म उनकी एक्टिंग और दमदार स्क्रिप्ट के चलते हिट रही थी। फिल्म ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। कहानी है एक ऐसी लड़की की जिसकी शादी हनीमून से पहले ही टूट जाती है और फिर वह अकेली ही यूरोप घूमकर आती है, इस दौरान उसे कई नए अहसास होते हैं और उसकी सोच बदल जाती है।




**राजी** : साल 2018 में आई इस फिल्म में आलिया भट्ट ने लीड रोल प्ले किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। कहानी एक ऐसी लड़की की है जो पाकिस्तान में इसलिए शादी करती है ताकि वहां रहकर अपने देश के लिए जासूसी कर सके।




**पिकु** : दीपिका पादुकोण की इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और इरफान खान भी थे, लेकिन दीपिका के अपोजिट कोई लीड हीरो नहीं था, लेकिन फिर भी कहानी के दम पर यह फिल्म सुपरहिट रही।




**लिपस्टिक अंडर माय बुर्का** : रत्ना पाठक, कोंकणा सेन शर्मा और अहाना कुमरा जैसे सितारों से सजी यह फिल्म विवादों में रही थी, लेकिन रिलीज हुई तो इसे जनता ने खूब प्यार दिया। इस फिल्म में भी कोई लीड हीरो नहीं था।



**शेरनी** : फिर एक बार विद्या बालन ने साबित कर दिया कि वह अपने दम पर फिल्म हिट करा सकती हैं। फिल्म की कहानी एक फॉरेस्ट ऑफिसर की है जिसकी लड़ाई नैतिकता की है।



**कहानी** : विद्या बालन अकेली अपने दम पर फिल्म चला देने के लिए जानी जाती हैं। साल 2012 में आई उनकी फिल्म 'कहानी' में कोई लीड हीरो नहीं था, लेकिन यह फिल्म सुपरहिट रही थी। कहानी एक प्रेग्नेंट औरत की है, जो अपने पति की तलाश में कोलकाता आती है।



**तुम्हारी सुलु** : विद्या बालन ने इस फिल्म में लीड रोल प्ले किया था। कहानी है एक हाउसवाइफ की जो पहले टिफिन सप्लाई शुरू करती है, लेकिन फिर रेडियो जॉकी बन जाती है।

## खबर संक्षेप



### नौ दिन बाद मौसी के घर से लौटे जगन्नाथ महाप्रभु

**प्रतापपुर।** मौसी के घर नौ दिनों तक रहने के बाद आज जगन्नाथ महाप्रभु वापस अपने घर लौटे। नगर में पहली बार जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई जिसके बाद महाप्रभु नौ दिनों तक अपनी मौसी के घर में रहे। आज विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के बाद रथ से जगन्नाथ महाप्रभु वापस अपने घर लौटे। इसी दौरान भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस बीच श्रद्धालुओं में रथ खींचने होड़ मची रही। साथ ही भगवान जगन्नाथ का जगह-जगह भव्य स्वागत एवं प्रसाद वितरण किया गया।

### डॉ. मुखर्जी की जयंती पर हुई संगोष्ठी



**राजपुर।** भाजपा कार्यालय बलरामपुर में रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश संगठन के आह्वान पर संकल्प से सिद्धि तक अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में चलाए गए संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम अंतर्गत जिला सह संयोजक भानु प्रकाश दीक्षित आह्वान पर एक दिवसीय संगोष्ठी की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल कृष्ण मिश्रा रहे। वक्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रशाद मुखर्जी के जयंती पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षाविद् एवं प्रकार वक्ता राष्ट्रवादी चिंतक थे। वहीं कार्यक्रम में जिला महामंत्री दीनानाथ यादव, ओबीसी आयोग के सदस्य एवं आज के कार्यक्रम के जिला संयोजक कृष्णा गुप्ता, जिला सह संयोजक मुकेश गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, अजित सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष लोधी राम एक्का, अजय यादव सहित सभी जिले के मण्डल अध्यक्ष, मण्डल महामंत्री व सभी जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### करंट से हुई युवक की मौत पर बंग समाज ने की मुआवजा की मांग



**मदनपुर।** ग्राम पंचायत मदनपुर बंगालीपारा निवासी संतोष विश्वास आ. चित्तो विश्वास गुरुवार की सुबह विद्युत पोल से घर में आए कनेक्शन को सुधार करने के दौरान करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। आज बंग समाज कल्याण समिति के प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारी एवं सदस्य पीड़ति परिवार से मिले। बंग समाज ने बिजली विभाग से बात कर उचित कार्रवाई कर मुवाबजा देने की बात कही। पीड़ति परिवार के दो छोटे बच्चे है बंग समाज कल्याण समिति ने एक बच्चे का शिक्षा का खर्चा का जिम्मा लिया एवं अन्य मुद्दे पर चर्चा किया की। इस दौरान बंग समाज के प्रांतीय अध्यक्ष रामू घोष, संरक्षक दिलीप धर, सुशांत घोष, संदीप सरकार, अजित समादर, पवन बर्मन, समीर मंडल, जगदीश, विजय राय, गोपाल हालदार, सुमंत सिकदर, सूरज दास, तारक सरदार, अमल दास, सुखदेव मंडल एवं अन्य उपस्तिथ थे।

### हैंडपंप मरम्मत होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस

**कुसमी।** जनपद पंचायत सदस्य के प्रयास से ग्राम पंचायत भवानीपुर उर्फ महकेपी का लंबे समय से खराब हैंडपंप को मैकेनिक बुलाकर मरम्मत कराया गया। सालो बाद हैंड पंप के मरम्मत होने से ग्राम पंचायत सतीपारा के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। जनपद सदस्य नमीता बड़ा ने बताया कि कई वर्षों से यह हैंडपंप खराब की स्थिति में पड़ा हुआ था। ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

### बूचड़खाना ले जा रहे दो मवेशियों की मौत



**कुसमी।** स्कॉर्पियो से बूचड़खाना मवेशियों को लेकर जा रही स्कॉर्पियो कीचड़ में फंस गई। वाहन के नहीं निकलने पर मवेशी तस्कर मवेशी भरे स्कॉर्पियो को छोड़ कर फरार हो गए। इधर जब मवेशियों को स्कॉर्पियो से बाहर निकाला गया तो दो मवेशियों की मौत हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार कुसमी से कोरधा मार्ग में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 5 मवेशियों को एक स्कॉर्पियो में पीछे एवं बीच का सीट निकाल कर ठूंस कर बूचड़खाना ले जा रहे थे। जैसे ही मवेशी तस्कर कुसमी थाना से महज 6 से 7 किलोमीटर की दूर पहुंच तभी राता सिली पंचायत मुख्य मार्ग में रात्रि के समय मिट्टी कीचड़ में स्कॉर्पियो फंस गई। इधर वाहन के कीचड़ से नहीं निकलने पर मवेशी तस्कर स्कॉर्पियो को छोड़ कर फरार हो गए। इधर घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्कॉर्पियो से 5 मवेशियों को बाहर निकाला जिसमें दो मवेशियों की मौत हो चुकी थी।

## शहर में निकाला गया मातमी जुलूस

# अकीदत के साथ मनाया गया मोहर्रम





जुलूस में शामिल समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुस्लिम समाज द्वारा मातमी पर्व मोहर्रम अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान शहर में विभिन्न चौकों पर फ़ातिहखानी के साथ ही लंगर बांटा गया। वहीं शाम को शहर सहित जिले भर में मातमी जुलूस निकाला गया। इस दौरान समाज के लोगों ने गतका व अन्य करतब का प्रदर्शन किया। हालांकि शनिवार रात से लगातार हो रही बारिश का असर मातमी पर्व मोहर्रम में भी देखने को मिला।

**खास बात**
- बारिश ने डाला खलल

बता दें कि मुस्लिम समाज का दस दिवसीय मातमी पर्व मोहर्रम 27 जून से शुरू हुआ था। मोहर्रम से ही मुस्लिम समाज के नए वर्ष की शुरुआत होती है। ऐसे में मुस्लिम समाज द्वारा पहले मोहर्रम से ही चौकों पर फातिहा खानी का आयोजन किया गया। वहीं समाज के लोगों द्वारा जगह जगह मिलाद शरीफ व लंगर का आयोजन किया गया। दसवीं मोहर्रम को पहलाम के दिन सुबह से ही मस्जिदों व मोहल्लो में मीलाद का आयोजन किया गया जबकि शाम को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के लोग अपने अपने ताजिया व अलम के साथ जुलूस की शक्ल में रवाना हुए। इस दौरान शहर के श्रीगढ़, नवागढ़, पर्राडांड, मोमिनपुरा, रसूलपुर, बरेजपारा, सोनपुरकला व अन्य स्थानों से समाज के लोग ताजिया व अलम के साथ महामाया चौक होते हुए देर शाम सदर रोड पहुंचे। सदर रोड के कादिमी चौक पर सभी अलम की मिलनी कराई गई। इसके साथ ही समाज के लोगों द्वारा गतका व अन्य करतब का प्रदर्शन किया गया। देर शाम तक चले जुलूस के बाद लोगों ने करबला में फातिहाखानी के बाद मोहर्रम पर्व का समापन किया। हालांकि इस दौरान बारिश का असर भी मोहर्रम में देखने को मिला।

### हसन हुसैन की शहादत में निकाली गई मातमी जुलूस

प्रतापपुर। मुस्लिम समुदाय द्वारा हसन हुसैन की शहादत में मातमी जुलूस एक से एक ताजिया नगर में निकली गई। विभिन्न कमेटियों द्वारा एक से बढ़कर एक ताजिया बनाई गई थी। हसन हुसैन की शहादत में लोगों ने ताजियादारी का माध्यम से नगर के राजघराना चौक, कदम पारा चौक, बस स्टैंड सहित नगर भ्रमण किया। इसी दौरान ताजिया जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के महिला, पुरुष बच्चों ने बढ़ चढ़कर मातमी जुलूस में शामिल रहे।



इस दौरान शहर में जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान अंजुमन कमेटी से सदर इरफान सिद्दीकी, शफी अहमद, अफजाल अंसारी, शकील असांरी, रशीद अंसारी, अब्दुल लतीफ, पार्षद बाबर इदरिशी, परवेज आलम गांधी, इसाउद्दीन अंसारी, सादिक हुसैन, अमीर अंसारी आदि मौजूद थे।



## मैनपाट में मनाया गया दलाई लामा का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को मैनपाट में तिब्बती समाज के द्वारा दलाई लामा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जबकि केक काटकर खुशियां मनाई गई। इस कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन प्रभारी पवन साय ने भी शिरकत की। बता दें कि देशभर में रविवार को धर्मगुरु दलाई लामा का 90वां जन्मदिन मनाया गया। दलाई लामा के जन्मदिन को मनाने के लिए मैनपाट में तिब्बती समुदाय द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। मैनपाट के तिब्बती मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। इस दौरान जन्मदिन के कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन प्रभारी पवन साय, विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक राम कुमार टोप्पो, आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर सहित अन्य शामिल हुए। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन प्रभारी पवन साय ने केक काटकर तिब्बती समाज के लोगों को दलाई लामा के जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। वहीं समाज की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई और दलाई लामा का जन्मदिन मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर मैनपाट के सभी 7 तिब्बती कैम्प से समाज के लोग एकत्रित हुए थे।

- क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन प्रभारी पवन साय ने काटा केक

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी



सांसद चिंतामणि महाराज की मुख्य आतिथ्य में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव द्वारा स्तरीय सभी विद्यालयों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज सहित नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष अशोक सोनी ने कहा कि आज के समय में विद्या ही ऐसा धन है जिसे कोई भी चुरा नहीं सकता है, न ही बाट सकता है। विद्या का ज्ञान दूसरों को देने से बुद्धि का सर्वांगीण विकास होता है। आज का विद्यार्थी कल का भविष्य है, डॉक्टर अगर गलत तरीके से इलाज करता है तो दो चार व्यक्ति की मृत्यु हो जाएगी लेकिन शिक्षक अगर गलत तरीके से बच्चों को शिक्षा देंगे तो शिक्षा की अज्ञानता के कारण विद्यार्थी का भविष्य खराब होने के साथ पूरा राज्य व देश संकट में हो जाएगा। शिक्षक अपनी कर्तव्य का अच्छे तरह से निर्वहन करते हुए विद्यालय के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज सहित अतिथियों द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर, लड्डू खिलाकर एवं पुस्तक वितरण करते हुए शाला प्रवेश कराया। वहीं इस वर्ष के 5 वी, 8 वी 10 वीं एवं 12 वीं के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर सर्वाधिक अंक से उत्तीर्ण होने छात्र-छात्राओं को सांसद द्वारा मेडल पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान एसडीएम करुण डहरिया, तहसीलदार सुनील गुप्ता, शशिकांत दुबे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अभिषेक पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव, वन परिक्षेत्राधिकारी काली राम, संजय जायसवाल, अरविंद तिवारी, राकेश भारती, नितेश तिवारी, ममता पैकरा, शशि टोप्पो, प्रदीप गुप्ता, राजेश्वर गुप्ता, विजय गुप्ता, संजय गुप्ता, मो. शमीम, देव साय भगत, ब्रिज पैकरा, शंभू पैकरा, हरेंद्र पैकरा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिरा वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

मानसून की मूसलाधार बारिश से क्षेत्र में जन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है जबकि दुर्घटनाओं का सिलसिला भी जारी है। रविवार की सुबह भी तेज रफ्तार वाहन गड्ढों के कारण अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे नदी में गिर गई। गनीमत रही कि इस घटना में चालक को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

- बारी बारिश से राजपुर-ओकरा मार्ग पर बंद रहा आवागमन

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची अधिकारियों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जबकि वाहनों को निकलने का काम जारी था। बताया जा रहा है कि आयशर कंपनी के मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 सीके 4099 में चालक रामलखन अपने दो अन्य साथियों के साथ किराना सामान और धान लोड कर अंबिकापुर से कुसमी जा रहा था। इस दौरान क्षेत्र में लगातार हुई बारिश से सड़कों के गड्ढों, गागर, गेउर नदी के पुल पर बने गड्ढों में पानी भर गया है। सुबह लगभग 7 बजे जैसे ही चालक वाहन को लेकर गागर नदी के पुल पर गड्ढों में भरे पानी के कारण चालक ने वहां से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार वाहन सीधे पुल से नीचे गिर गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे राजपुर एसडीएम देवेन्द्र प्रधान, बरियों नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार कंवर व पुलिस टीम ने घायलों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। बड़ी बात यह है कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से नदी नाले तूफान पर है। राजपुर ओकरा मुख्य मार्ग पर गेउर नदी पुल के ऊपर लगभग 2 फीट ऊपर से पानी बह रहा था जिससे रविवार को सुबह 10 बजे तक आवागमन प्रभावित रहा।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

## स्वास्थ्य विभाग को रखा गया अलर्ट मोड पर, 5 बिस्तर आरक्षित रखने के निर्देश

**अंबिकापुर।** मैनपाट में होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड़ में रखा गया है। इस आयोजन को लेकर संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने संभाग के सभी सीएमएचओ को पत्र जारी कर निर्देश दिया है। जारी आदेश में बताया गया है कि मैनपाट में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 7 से 9 जुलाई तक प्रदेश के मंत्री, सांसद और विधायक शामिल होंगे। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम विष्णु देव साय शामिल होंगे। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से कई जनप्रतिनिधियों, संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का भी मैनपाट में उक्त दिवस में आवागमन होगा। ऐसे में संभाग स्तर में आवागमन के दौरान किसी अप्रिय घटना घटित होने की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आवागमन से संबंधित समस्त राष्ट्रीय राजमार्गों के निकट संभाग के समस्त जिला चिकित्सालयों, समस्त सिविल अस्पतालों, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाइयों का भण्डारण तैयार रखा जाए व आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण भी क्रियाशील हो। चिकित्सा विशेषज्ञों, चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की भी पूर्ण रूप से सभी शासकीय अस्पताल में मुस्तैदी से तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के निकट संभाग के समस्त जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में न्यूनतम 5 बिस्तर पूर्व से ही आरक्षित रखा जाए ताकि उक्त अवधि में किसी भी आपातकालीन विषम परिस्थिति में तत्काल चिकित्सकीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा सके।

- संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने जारी किया आदेश



## बिरला ओपन माइंड में मनाया गया वार्षिक अलंकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक अलंकरण समारोह (इन्वेस्टिचर सेरेमनी) मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर विलास भोसकर शामिल हुए। कलेक्टर ने नव-नियुक्त स्कूल कैप्टन और वाइस-कैप्टन को बैज प्रदान किया। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में नेतृत्व, टीम वर्क और ईमानदारी के गुणों पर जोर दिया। नवगठित छात्र परिषद से उदाहरण स्थापित करने और स्कूल के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। उनके शब्दों ने छात्रों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित किया, जिससे उन्हें अपनी नेतृत्व यात्रा शुरू करते समय मूल्यवान मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिला। बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य सुश्री मोना भरकटिया ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने ऐसे सर्वांगीण व्यक्तियों को पोषित करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला जो न केवल अकादमिक रूप से मजबूत हैं बल्कि मजबूत नेतृत्व गुणों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी रखते हैं।

## एनएच 343 शहर के बीच से जाने पर नगरवासी चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



राष्ट्रीय राजमार्ग 343 रामानुजगंज शहर के बीचों-बीच से जाने की आशंका को लेकर नगरवासियों की चिंता दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रही है। इस बीच शहर बचाओ संघर्ष समिति द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग जो शहर के बीचों-बीच से प्रस्तावित है उसे शहर के बीचों-बीच से न ले जाकर पुरानडीह होकर ले जाने की मांग की है। शहर बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि यदि पुरानडीह से राष्ट्रीय राजमार्ग जाता है तो इसमें शासन को मुआवजे का भार बहुत ही कम आएगा। वहीं सैकड़ों घर जो शहर के बीचों-बीच राष्ट्रीय राजमार्ग जाने से प्रभावित होंगे वह उजड़ने से बच जाएंगे।

- पुरानडीह से राष्ट्रीय राजमार्ग ले जाने की मांग

गौरतलब है कि विगत 4 वर्षों से शहर बचाओ संघर्ष समिति द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग शहर के बीचों-बीच से जाने का लगातार विरोध कर रहे है। यहां तक कि अपनी बात कई बार उच्च अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाई गई है। कांग्रेस शासन काल के दौरान मंत्री, विधायक यहां तक कि मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह से शहर बचाओ संघर्ष समिति ने अपनी बात रखी थी। वहीं वर्तमान भाजपा सरकार के दौरान भी जनप्रतिनिधियों से शहर बचाओ संघर्ष समिति द्वारा अपनी बात रखते हुए शहर के बीचों बीच से राष्ट्रीय राजमार्ग जाने का विरोध करते हुए पुरानडीह से राष्ट्रीय राजमार्ग ले जाने की मांग की है।

इस संबंध में शहर बचाओ संघर्ष समिति के प्रदीप केसरी उर्फ लट्टू केशरी ने बताया कि यदि शहर के बीचों-बीच से राष्ट्रीय राजमार्ग जाता है बड़ी संख्या में घर प्रभावित हो सकते है और मुआवजा का भार भी शासन पर अधिक आएगा। 4 वर्षों के दौरान हम लोगों द्वारा अपनी बात हर सक्षम अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के सामने रखी गई है। उम्मीद है कि हम लोगों की बात को गंभीरता से लेते हुए पुरानडीह से राष्ट्रीय राजमार्ग को ले जाया जाएगा तो घर उजड़ने से बच जाएंगे और शासन पर मुआवजे का व्ययभार भी कम आएगा।

### लोगों की उड़ी नींद

राष्ट्रीय राजमार्ग वर्तमान में अग्रसेन चौक से पहाड़ी मंदिर चौक, भारत माता चौक, लरंगसाय चौक होते हुए एसडीएम कार्यालय मार्ग होकर निकलेगी। ऐसे में सैकड़ों की संख्या में घर टूटेंगे। सैकड़ों नगर वासियों की नींद राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्वे के बाद उड़ी हुई है। हर कोई अपने स्तर से इसे रोकने का प्रयास कर रहा है।

### कई बार कर चुके हैं आपत्ति दर्ज

शहर बचाओ संघर्ष समिति द्वारा बीते 4 वर्षों में कई बार रायपुर से लेकर अंबिकापुर यहां तक की दिल्ली की दौड़ भी लगाई जा चुकी है। राष्ट्रीय राजमार्ग के उच्च अधिकारियों से कई बार शहर बचाओ संघर्ष समिति के लोग मिल चुके हैं। उनका बार-बार यही अनुरोध है कि राष्ट्रीय राजमार्ग शहर के बीचों-बीच से न जाए।

## ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर युवक की मौत

अंबिकापुर। बलरामपुर के खड़यिादामर निवासी 22 वर्षीय बिन्नू राम आ. उटाराम राम जमुआटांड में रहकर मजदूरी का काम करता था। 29 अप्रैल को गांव के चनान टोला में शादी समारोह के दौरान मृतक बिन्नू राम बारातियों को जलपान कराने के बाद कंटेनर उठाकर बाइक से रामजी गुप्ता के घर सामान पहुंचाने जा रहा था। इस दौरान जगत कोरवा के घर के पहले खड़े ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ग्रामीण को उपचार के लिए मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां 30 अप्रैल को उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में मर्ग जांच उपरान्त पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आज

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 8 जुलाई को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक के पश्चात आयोजित की गई है। उक्त बैठक में समिति के सदस्यों को उपस्थित होने कहा गया है। वहीं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय पर बैठक में मौजूद रहने के निर्देश दिए गये हैं।

### राजेश बने नपा परिषद के नेता प्रतिपक्ष

**सूरजपुर।** नगर पालिका परिषद में भाजपा ने राजेश साहू को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। इस पद को लेकर पार्टी में महीनों से चर्चा चल रही थी। रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने उनके नाम की औपचारिक घोषणा की। राजेश साहू को यह जिम्मेदारी भाजपा के वरिष्ठ नेता भीमसेन अग्रवाल की अनुशंसा पर दी गई है। श्री साहू भाजपा के पुराने और सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जो 4 बार के पार्षद रह चुके हैं। नगर पालिका के कामकाज का उन्हें अनुभव है और संगठन में भी उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राजेश साहू ने भाजपा आलाकमान और जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### चोरी का 3 टन कोयला जब्त बसदेई पुलिस की कार्रवाई

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम बसदेई निवासी शत्रुधन चौधरी अपने घर के आँटो खड़ा करने वाला गैराज में अवैध रूप से चोरी का पत्थर कोयला रखा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर मौके से 3 टन कोयला बरामद किया। पुलिस ने शत्रुधन चौधरी से पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि भास्करपारा ओपन कास्ट खदान से कोयला चोरी कर बिक्री करने हेतु लाकर घर में रखा था।

## निधन

### श्रीमती कलावती शर्मा



**मनेन्द्रगढ़।** मोहारपारा के प्रतिष्ठित शर्मा परिवार की श्रीमती कलावती शर्मा पति स्व. मदन लाल शर्मा का निधन 7 जुलाई को निज निवास गुरूकुल विद्यालय के सामने मोहारपारा मनेन्द्रगढ़ में हो गया। स्व. शर्मा उम्र 76 वर्ष थी। स्व. श्रीमती शर्मा के तीन पुत्रों सुभाष, मुकेश व राजेश शर्मा व दो पुत्रियों की माता थी, उनका अंतिम संस्कार आमाखेरवा मुक्तिधाम में किया गया।

### रोहित नामदेव



**मनेन्द्रगढ़।** समाज के प्रमुख समाजसेवी राजेन्द्र नामदेव के बड़े भाई वार्ड नंबर 7 निवासी रोहित नामदेव का आकस्मिक निधन सोमवार की प्रातः हो गया। स्व. नामदेव का अंतिम संस्कार 7 जुलाई को शाम 3 बजे मनेन्द्रगढ़ मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर परिजन समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सीसी सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

ग्राम पंचायत जोल्गी के आश्रित ग्राम छपरा टोला में जनपद पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत छपरा टोला स्कूल तिराहा से स्वामी दीन के खेत तक सीसी सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसकी स्वीकृत राशि 5 लाख रूपए हैं।

निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत जोल्गी है, लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण में किसी भी तकनीकी मापदंड का पालन नहीं किया जा रहा। मिट्टी के ऊपर सीधे सीमेंट-कंक्रीट की ढलाई कर दी गई है, जबकि नियमानुसार पहले 15 सेंटीमीटर की खुदाई कर रेत बिछाकर जमीन को समतल किया जाना चाहिए था, इसके बाद पॉलिथीन बिछाकर उस पर कंक्रीट ढलाई होनी चाहिए थी। साथ ही हर 3 मीटर पर जॉइंट छोड़ना जरूरी होता है, जिससे दरार आने पर पूरी सड़क खराब न हो।



ढलाई की मोटाई भी मानक 8 इंच से कम बताई जा रही है। मसाले में भी भारी गड़बड़ी पाई गई, जहां एक तगाड़ी सीमेंट में 6 तगाड़ी रेत और 8 तगाड़ी गिट्टी मिलाई जा रही है, जो संतुलित अनुपात नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि कोई भी जिम्मेदार अधिकारी अब तक मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचा। आरईएस विभाग के एसडीओ अरविंद कुमार निकुंज ने कहा कि मैं जाकर देखता हूं, यदि कमी है तो सुधार करवाया जाएगा।

# दो आरोपियों को मिली 5-5 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

वर्ष 2022 में टीपी नगर स्थित नया बस स्टैण्ड के पास घूम-घूमकर नशा में प्रयोग होने वाले इंजेक्शन बेच रहे 2 लोगों को गिरफ्तार किया था।

सीएसईबी चौकी में पदस्थ तत्कालीन चौकी प्रभारी नवल साव को मुखबिर से सूचना मिली थी कि टीपी नगर स्थित नया बस स्टैण्ड के पास 2 लोग इंजेक्शन बेचने के लिए घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस की टीम ने बैगीनडभार निवासी पंकज शर्मा पिता नवल शर्मा 38 साल निवासी बैगीनडभार व सुमित बेहरा पिता प्रशांत बेहरा 23 साल को गिरफ्तार कर 22बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने प्रारम्भिक विवेचना उपरांत प्रकरण को विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) श्रीमती गरिमा शर्मा के न्यायालय में चल रही थी जहां दोनों आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं किये जाने की दशा में आरोपी को 6 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## पॉश कॉलोनियों में भरा घुटने तक पानी, घरों में कैद हुए लोग

# 11 घंटे में हुई 173 मिमी वर्षा

# भारी बारिश से जलमग्न हुआ शहर, डूबे इलाके



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

पिछले 24 घंटे से हो रही आफत की बारिश शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। एनएच 43 की सड़क तालाब बन गई है। पानी के तेज बहाव में सरगवां स्थित बांकी नदी के किनारे 30 फीट गहराई तक मिट्टी कटाव होने के कारण कुछ पक्के घरों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं तथा जन-जीवन के लिए बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार मानसून श्री गंगानगर, शिवानी, आगरा, बांदा, डेहरी, पुरूलिया, कोलकाता होते हुए दक्षिण-पूर्व दिशा में उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। एक चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी मध्यप्रदेश एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में 1.5 किमी ऊंचाई पर सक्रिय है वहीं ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग एवं निकटवर्ती क्षेत्रों 7.6 किमी ऊंचाई पर सक्रिय है तथा दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। मौसमी घटकों के प्रभाव से पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र निकटवर्ती क्षेत्र में लो-प्रेशर बनने की संभावना है। एक द्रोणिका उत्तर-पूर्वी अरबसागर से उत्तर गजरात, दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश, झारखण्ड होकर पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र के उत्तरी भाग एवं चक्रवात परिसंचरण तक विस्तारित है। अरबसागर एवं खाड़ी से पर्याप्त नमी पहुंचने के कारण शनिवार की रात्रि 8 बजे से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। बारिश की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मौसम कार्यालय द्वारा रात्रि 8 बजे से सुबह 7 बजे तक 172.8 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। मानसून के सक्रिय होने के बाद से ही चार-पांच दिनों की राहत देने के बाद रूक-रूक कर लगातार बारिश हो रही है लेकिन इसके पूर्व कभी भी 24 घंटे के भीतर 50 मिमी वर्षा नहीं हुई थी। शहर में 15 साल बाद 24 घंटे के भीतर इस तरह की भारी वर्षा हुई है। 10 साल पूर्व की भारी वर्षा के दौरान शहर में जल-जमाव की ऐसी स्थिति निर्मित नहीं हुई थी जैसी स्थिति इस बार देखने को मिल रहा है।

## इन इलाकों में भरा पानी



मूसलाधार बारिश से समागा मुख्यालय पानी-पानी हो गया है। बारिश के बीच शहर की सड़कें एवं गलियां नाले में तब्दील हो गई थी। सड़क एवं गलियों से तेज धार से बारिश का पानी बह रहा था। भारी बारिश से शहर के बौरीपारा वार्ड स्थित महादेव गली एवं घुटरापारा में पानी भर गया। महादेव गली में वर्षा जल के तेज बहाव में एक बाइक वहीं घुटरापारा में एक गाय बह गई। इस दौरान अस्पताल मार्ग में डेढ़ फीट से दो फीट तक पानी बहता रहा। अस्पताल के पास डॉ. जेके भुटानी गली का भी बुरा हाल था तथा गली की सड़क से तेज रफ्तार से घंटों पानी बहता रहा। बारिश के दौरान सत्तीपारा वार्ड स्थित कैलाश मोड़ सहित शहर के अन्य निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को मेरिन ड्राइव तालाब लबालब हो गया अत्यिधक पानी भरने के कारण तालाब का पानी रिंग रोड पर तेज रफ्तार से बहता रहा।



# तीन दिवसीय जनरल काउंसिल की बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ वेस्ट चिरमिरी

ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन काउंसिल की तीन दिवसीय जनरल काउंसिल की बैठक जयपुर (राजस्थान) में संपन्न हुई। इसमें 24 राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में आगामी 9 जुलाई को देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया गया और श्रमिक संगठनों से भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। बैठक में दक्षिण पूर्वी कोयला प्रक्षेत्र (एसईसीएल) चिरमिरी के क्षेत्रीय महामंत्री लिंगराज नायक शामिल हुए। उन्होंने बताया कि एटक के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर से सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के ट्रेड यूनियन सदस्य जयपुर पहुंचे।

बैंक, जीवन बीमा, रक्षा, रेलवे, खनन और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी नेता भी पहुंचे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेन्द्र कुमार और महासचिव अमरजीत कौर मौजूद रहे। महासचिव अमरजीत कौर ने कहा कि मौजूदा समय में श्रम संगठनों को एकजुट होकर वर्ग संघर्ष को तेज करने की आवश्यकता है, साथ ही सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जन संगठनों को साथ मिलकर विरोध करना होगा। बैठक में श्रमिकों से जुड़े अहम मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा की गई एवं 9 जुलाई के आम हड़ताल को सफल बनाने कार्य योजना तैयार की गई। राष्टीय अध्यक्ष और रविन्द्र कुमार ने कहा कि 9 जुलाई के देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाना अत्यंत आवश्यक है ताकि केन्द्र सरकार के दमनकारी और मजदूर विरोधी नीतियों को समाप्त किया जा सके और बेरोजगारों को रोजगार दिलाने प्राथमिकता से कार्य किया जा सके।



### कुदरगढ़ धाम से बैरंग लौटे श्रद्धालु

**अम्बिकापुर।** मूसलाधार बारिश के कारण रविवार को घंटों कुदरगढ़ पहाड़ का तेज रफ्तार पानी सीढ़ियों के रास्ते बहता रहा। इस दौरान खतरे को देखते हुए ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं के पहाड़ी पर स्थित देवी के दर्शन पूजन एवं प्रवेश पर रोक लगा दिया। बारिश के दौरान देवी दर्शन के लिए गए श्रद्धालुओं को खाली हाथ लौटना पड़ा। भारी वर्षा के कारण क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर हैं तथा कई स्थानों पर नदी का पानी सड़क के ऊपर बहने के कारण घंटों आवागन प्रभावित रहा।

# एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए लगेंगे विशेष शिविर

**बैकुण्ठपुर।** जिला परिवहन विभाग के अधिकारी अनिल भगत ने बताया कि 1 अप्रैल 2019 के पहले पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके तहत आमजन की सुविधा के लिए, जिले में विशेष एचएसआरपी बुकिंग एवं फिटमेंट शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

8 जुलाई को चरचा बस स्टैंड, 9 एवं 10 जुलाई को कलेक्ट्रेट परिसर, बैकुंठपुर, 11 एवं 12 जुलाई को अग्रहरि परिवहन सुविधा केन्द्र, पटना, 14 एवं 15 जुलाई को नगर पालिका परिषद, बैकुंठपुर, 16 एवं 17 जुलाई को जनपद पंचायत, बैकुंठपुर एवं 18 एवं 19 जुलाई को तहसील कार्यालय बैकुंठपुर में शिविर लगाई जाएगी। श्री भगत ने बताया कि वाहन मालिकों को एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए आवेदन करते समय आरसी कार्ड, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर देना होगा। शुल्क का भुगतान कर प्रक्रिया पूर्ण की जा सकती है, जिनका मोबाइल नंबर अद्यतन नहीं है, वे शिविर में ही नंबर अपडेट करा सकते हैं। उन्होंने एचएसआरपी शुल्क के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दोपहिया वाहन के लिए 365.80 रूपए, तिपहिया वाहन के लिए 427.16 रूपए, हल्के मोटर वाहन के लिए 656.80 रूपए और भारी वाहन के 705.64 रूपए शुल्क निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त एचएसआरपी की ऑनलाइन बुकिंग भी जिले में स्थापित परिवहन सुविधा केन्द्र, चॉइस सेंटर अथवा परिवहन विभाग की वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। जिला परिवहन अधिकारी श्री भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगवाने वाले वाहन मालिकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में भारी जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

# बांध के पानी से रेड़ नदी व घुनघुट्टा नदी उफान पर, पेयजल आपूर्ति बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

जून माह और फिर जुलाई में क्षेत्र में हो रही झमाझम बारिश से नदी व तालाब उफान पर हैं। शनिवार की शाम से लगातार हो रही तेज बारिश के बाद रविवार को घुनघुट्टा डेम के पांच गेट को एहतियातन तौर पर खोलना पड़ा है।

गेट खोलने के बाद रेड़ और घुनघुट्टा नदी पूरी तरह उफान पर आ गई है। रेड़ नदी के उफान पर आने के बाद ग्राम



गोरखनाथपुर स्थित एसईसीएल के फिल्टर प्लांट में लगें हैवी मोटर और स्विच को डूबने से बचाने के लिए चैन पुली में बांध कर उन्हें ऊंचाई के लेवल में रखा गया है,जिस कारण एसईसीएल कॉलोनी के करीब बाइस सौ से अधिक आवासों में पेयजल आपूर्ति अभी ठप्प हो गई है।फिल्टर प्लांट के कर्मियों ने बताया कि नदी का जलस्तर कम होने के बाद मोटर को पूर्व स्थान रखने के बाद ही कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति बहाल हो पाएगी।देर रात से हुई मूसलाधार बारिश के बाद लोग नदी का जलस्तर देखने बड़ी संख्या में रेड़ नदी पहुंचे थे।

### खतरे में रेहर एनीकेट

रेड़ नदी पर ग्राम सतपता में वर्ष 2016-17 में 27 करोड़ की लागत से बने रेहर एनीकट पर भी लगातार बारिश से खतरा मंडरा रहा है।बता दें कि घटिया निर्माण के कारण रेहर एनीकट निर्माण वर्ष में ही पहली बारिश में ही उसके पिलर क्षतिग्रस्त हो गए थे,बाद में मरम्मत और लीपापोती कर एनीकेट को किसी तरह खड़ा कर गेट लगा दिया गया।अभी दो वर्ष पूर्व एनीकेट के कई पिलर तेज बारिश में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये जिस कारण एनीकट का स्लैब जगह जगह धंस गया,इस खतरे को देख इस मार्ग से आवाजाही रोकने सिंचाई विभाग ने पेड़ कटवा कर रख दिया।विभाग के एक रिटायर एसडीओ ने बताया कि इस एनीकट का मरम्मत अब संभव नहीं है लेकिन विभाग के अधिकारी पैसे फूंकने के चक्कर में इसके मरम्मत का प्रपोजल तैयार कर पुनः राज्य सरकार के पास भेजा है।

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
रांची (कांके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सोनहत जिला-कोरिया (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202504011200007/अ-5/2024-25 ग्रामः-अमरा

**ईश्तहार**

क्रमांक/ 877/ वाचक/2025 :: आवेदक महाबल सिंह आ. रामटहल सिंह, जाति गोंड, निवासी ग्राम अमरा, तहसील सोनहत, जिला कोरिया छ.ग. की ओर अधिवक्ता अनिल राजवाड़े द्वारा उपस्थित होकर आवेदन अंतर्गत धारा 115 छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 प्रस्तुत कर आवेदक की अधिपत्य की ग्राम अमरा स्थित खसरा नं. 246/2 रकबा 0.32 हे. भूमि जो अनावेदिका के पति प्रेमलाल आ. जयलाल से दिनांक 27.11.2020 को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया है। जिसमें नक्शा में प्रविष्टि दर्ज करते समय आवेदक के द्वारा क्रय भूमि को अनावेदिका के नाम पर दर्ज कर दिया गया है। जिसे सुधार करने हेतु पंजीकृत विक्रय पत्र, बी-1 वर्ष 2020-21 सहित आवेदन प्रस्तुत कर त्रुटि सुधार का निवेदन किया है।
अतः उक्त त्रुटि सुधार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 11.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने मान्य किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि में आपत्ति प्रस्तुत न करने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जाकर प्रकरण में एक पक्षिय कार्यवाही कर निर्णय लिया जावेगा।
अतः आज दिनांक 25.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सोनहत, जिला-कोरिया (छ.ग.)

**टीसी गुमी**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि प्रार्थी सिद्धार्थ केन्द्रीय विद्यालय बैकुन्ठपुर से वर्ष 2015-16 में कक्षा 9 वीं में पढ़ाई की थी, जिसका कि स्थानांतरण प्रमाण पत्र (TC) प्रार्थी ने शाला से प्राप्त कर लिया था। उक्त स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्रार्थी के हाथों गुम हो गया है। प्रार्थी को ITI कॉलेज सलका में प्रवेश प्राप्त करना है, जिस हेतु प्रार्थी को स्थानांतरण प्रमाण पत्र TC की आवश्यकता है। प्रार्थी की समस्या को समझते हुए स्थानांतरण प्रमाण पत्र (TC) गुम हो जाने का प्रथम सूचना प्रतिवेदन चरचा थाने में दर्ज करा दी गई है।

प्रार्थी
सिद्धार्थ
आत्मज कमलेश्वर प्रसाद
कक्षा- 9 वीं
वर्ष- 2015-16
प्रवेशांक- 5074
मो.नं.-6268586541

## पृष्ठ 1 का शेष

### पौधरोपण कर सुरक्षा...

स्काउट्स-गाइड्स, शिक्षकगण एवं छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में विशेष रूप से जिला सचिव सुरेन्द्र राजवाड़े, जिला संघ कोषाध्यक्ष रवि पाण्डेय, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू, सुनील बड़ा, निशा खान, शिव प्रताप सिंह, रवि बैगा, अजय ठाकुर, अनिल कुमार, अजीम अंसारी, केशव साहू, सुशील कुमार, जानकी ध्रुव, डिंपल मिंज, धनमत पड़ौती, आशा एक्का, प्रीति कुमारी, जगमाइत लकड़ा, भानुप्रिया भास्कर, मेझरन बखला सहित लगभग 150 स्काउट-गाइड्स एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# दूसरे पति से छुटकारा पाने 1 लाख रुपए में दी थी सुपारी, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

दो दिनों पूर्व बिजली ऑफिस के समय एक 40 वर्षीय युवक की लाश मिली थी। इस युवक की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि युवक की दूसरी पत्नी ने ही सारी साजिश रची थी और उसके पति को मारने के लिए उसने बकायदा 1 लाख रुपए में सुपारी दी थी।

पुलिस ने हत्या के मामले में उसकी दूसरी पत्नी सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जहां आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।उल्लेखनीय है कि बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजली ऑफिस के समीप दो दिनों पूर्व अश्वनी पाठक उर्फ पिंटू 40 वर्ष नामक युवक की खून से लथपथ अवस्था में लाश मिली थी। लाश मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर दर्री सीएसपी विमल पाठक, बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमन सिन्हा व फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां मामले में पुलिस की टीम तहकीकात में जुटी हुई थी। इस बीच पुलिस की टीम विभिन्न बिंदुओं को लेकर जांच में जुटी हुई थी। पुलिस ने रविवार को इस अंधेकतल की गुत्थी को सुलझा लिया है। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि मृतक अश्वनी पाठक की दूसरी पत्नी अंजू पाठक 30 वर्ष पति स्वर्गीय अश्वनी पाठक ने ही यह सारी साजिश रची थी।



online Booking:-www.tripuryatra.com
12 दिन
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
केरल दर्शन
मुन्नार, थेक्कड़ी, अल्लेप्पी, त्रिवेंद्रम
19 जुलाई, 16 अगस्त, 13 सितंबर,
20 सितंबर, 4 अक्टूबर, 15 नवंबर, 13 दिसंबर
राशि:- स्लीपर 17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 3 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411